all areas iqluding the tribal areas of Andhra Frdesh. The bank has the lead responsibilty for the implementation of the ARDR Scheme in the districts of Srikakulani, East Godavari, West Godavari and Guntur in Andhra Pradesh. The implementation of the ARDR Scheme by public sector commercial banks is being monitored by Reserve Bank of India throughout the country including Andhra Pradesh.

(e) The information is being collected and to the extern available will be and on the Table of the House.

बजट प्रस्तुत करने के पश्चात् कीमतों में वृद्धि

2656. प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वित्त मंत्री द्वारा बजट प्रस्तुत करने के बाद बाजार में अनेक वस्तुओं की कीमतें और बढ़ गई हैं;

(ख) यदि हां, तो बजट के बाद महंगाई कितनी बढ़ गई है ; और

(ग) सरकार ने महंगाई को कम करने के लिये क्या कदम उठाये हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. अबरार अहमद) : (क) से (ग) थोक मूल्य सूचकांक के लिए आंकड़े अभी तक 26 फरवरी, 1994 को समाप्त होने वाले सप्ताह के लिए उपलब्ध है, अतः स्पष्ट रूप से यह बताना संभव नहीं है कि क्या कीमतें बजट प्रस्तुत करने के बाद बढ़ी है।

तथापि, जैसाकि नीचे दर्शाया गया है, बंबई और दिल्ली में चयनित आवश्यक वस्तुओं के लिए अनुवीक्षित किए गए खुदरा मूल्य किसी ठोस मूल्य परिवर्तनों की ओर संकेत नहीं करते।

वस्तु केन्द्र	बजट के पहले (23.2.94)	बजट के बाद (09.3.94)
चावल		
बम्बई	8.00	8.00
दिल्ली	8.50	8.50
गेहूं		
बंबई	8.00	8.00
दिल्ली	5.20	5.20
चना		
बंबई	20.00	18.00
दिल्ली	19.00	18.00

तूर		
बंबई	18.00	18.00
दिल्ली	16.00	16.50
चीनी		
बंबई	13.80	14.00
दिल्ली	13.50	13.50
सरसों का तेल		
बंबई	36.00	36.00
दिल्ली	30.00	31.00
वनस्पति		
बंबई	38.00	38.00
दिल्ली	35.00	35.00
मूंगफली तेल		
बंबई	71.00	76.00
दिल्ली	75.00	70.00
आलू		
बंबई	5.50	5.00
दिल्ली	2.50	2.50
प्याज		
बंबई	5.50	4.00
दिल्ली	6.00	5.50
नमक		
बंबई	3.50	3.50
दिल्ली	3.50	3.50